भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3761

दिनांक 11 अगस्त, 2023 को उत्तर देने के लिए

राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान

3761. एडवोकेट ए. एम. आरिफ़:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने अलाप्पुझा स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी) के कार्यकरण को सुचारु बनाने के लिए कदम उठाए हैं/ उठाने का विचार है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या सरकार का विचार एनआईवी, अलाप्पुझा को एनआईवी, पुणे के समकक्ष बनाने के लिए समयबद्ध तरीके से जैव सुरक्षा स्तर तीन में स्तरोन्नयन करने का है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार का विचार एनआईवी, अलाप्पुझा में निपाह वायरस के नमूनों की जांच के लिए उपयुक्त प्रयोगशाला सुविधाएं प्रदान करने का है ताकि ऐसे नमूनों को एनआईवी, पुणे भेजने में होने वाले विलंब से बचा जा सके और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है। और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं;

(घ) क्या सरकार एनआईवी, अलाप्पुझा के कार्यकरण को अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप उन्नत करने के लिए उसे वित्तीय सहायता प्रदान करने पर विचार करेगी और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) एनआईवी, अलाप्पुझा की स्थापना के लिए आज की तारीख तक कितनी धनराशि निर्धारित, स्वीकृत और उपयोग की गई है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मन्त्री (प्रो. एस.पी. सिंह बघेल)

(क) से (ङ): अलाप्पुझा स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अधीन कार्यरत राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान (एनआईवी), पुणे एक फील्ड स्टेशन है। इस स्टेशन की दिन-प्रतिदिन की गतिविधियों के लिए प्रभारी अधिकारी (ओआईसी) जिम्मेदार है और वे सीधे निदेशक, आईसीएमआर-एनआईवी, पुणे को रिपोर्ट करते है। एनआईवी, अलाप्पुझा में नियोजित प्रयोगशाला जैव सुरक्षा स्तर 3 है।

एनआईवी, अलाप्पुझा ने निपाह (NIPAH) परीक्षण की जांच करने की पहल की हैं। तथापि, परीक्षण में विलंब से बचने के लिए आईसीएमआर-एनआईवी, पुणे ने जीएमसी, कोझीकोड, केरल में एक प्वाइंट ऑफ केयर (पीओसी) आधारित परीक्षण केन्द्र पहले ही स्थापित कर रखा है।

आईसीएमआर-एनआईवी, पुणे और अलाप्पुझा सहित फील्ड यूनिटों/स्टेशनों में स्थापित और नियोजित सभी प्रयोगशालाएं पहले से ही अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप हैं। केरल के अलाप्पुझा में आईसीएमआर-एनआईवी फील्ड स्टेशन के संचालन के लिए वित्तीय सहायता भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद द्वारा स्वीकृत आईसीएमआर-एनआईवी, पुणे के योजना बजट से पूरी की जाती है। स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा केरल के अल्लापुझा में आईसीएमआर- राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान फील्ड स्टेशन के लिए अवसंरचना के निर्माण के लिए 39.86 करोड़ रुपये का अनुदान मंजूर किया गया था, जिसमें से आईसीएमआर द्वारा 31.19 करोड़ रुपए की राशि जारी की जा चुकी है और उसका उपयोग किया जा चुका है।

******